web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 04 मार्च 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 155

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

अंतर्राष्ट्रीय

संघर्ष के कारण महीनों तक बंद रहने के बाद इजरायल में फिर से खुले स्कूल

यरूसलम । उत्तर इजरायल में लगभग डेढ़ साल बाद स्कूल दोबारा खुले हैं। अक्टूबर 2023 में लेबनान सीमा पर इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद ये स्कूल बंद कर दिए गए थे। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, इजरायली शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्कूलों को धीरे-धीरे खोला जाएगा क्योंकि युद्ध के दौरान स्कूलों की इमारतों को नुकसान पहुंचा, कई शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, और बहुत से छात्र अपने परिवारों के साथ देश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में चले गए थे। रविवार को अभिभावकों के लिए जारी एक सूचना में मंत्रालय ने बताया कि अक्टूबर 2023 में उत्तरी इजरायल के 43 शहरों, कस्बों और गांवों के 195 स्कूलों और किंडरगार्टन के करीब 12,600 छात्रों को उनके परिवारों के साथ निकाला गया था। मंत्रालय ने कहा कि अब प्रत्येक परिवार यह तय कर सकता है कि वे अपने घर लौटकर बच्चों को फिर से पुराने स्कूल में दाखिला दिलाएं या जहां वे स्थानांतरित हुए थे, वहीं पढ़ाई जारी रखें। इसके अलावा, सरकार ने स्कूल के बाद की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 50 मिलियन शेकेल (करीब 13.89 मिलियन डॉलर) का बजट जारी किया है। साथ ही, बच्चों की मानसिक स्थिति को मजबूत करने के लिए विशेष सहायता और मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू किए गए हैं ताकि वे इस संघर्ष के प्रभाव से उबर सकें।

बड़ी कामयाबी: चांद पर उतरा अंतरिक्ष यान

वाशिंगटन। फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट चंद्र लैंडर सफलतापूर्वक चंद्रमा के मैरे क्रिसियम क्षेत्र में उतर गया। यह मिशन 15 जनवरी, 2025 को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपण के साथ शुरू हुआ और रविवार, को सटीक लैंडिंग के साथ समाप्त हुआ। फायरफ्लाई स्पेस, टेक्सास स्थित एक अमेरिकी निजी क्षेत्र की एयरोस्पेस फर्म है, जो अंतरिक्ष वाहनों के डिजाइन, निर्माण और प्रक्षेपण संचालन से संबंधित है। नासा की पोस्ट के अनुसार, कर्मशियल कंपनी के ब्लू घोस्ट चंद्र लैंडर ने नासा के 10 वैज्ञानिक उपकरण और तकनीकी डेमो को सुरक्षित रूप से चंद्रमा पर पहुंचा दिया। नासा के मुताबिक, ब्लू घोस्ट के मिशन के दौरान, एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरणों का लक्ष्य चंद्र उपसतह ड्रिलिंग टेक्नोलॉजी, रेगोलिथ नमूना संग्रह क्षमताओं, ग्लोबल नेविगेशन उपग्रह प्रणाली क्षमताओं, विकिरण सहनशील कंप्यूटिंग और चंद्र धूल शमन विधियों का परीक्षण और प्रदर्शन करना है। कैप्चर किए गए डाटा से पृथ्वी पर मनुष्यों को भी लाभ हो सकता है, क्योंकि इससे यह पता चल सकता है कि अंतरिक्ष का मौसम और अन्य ब्रह्मांडीय ताकतें पृथ्वी को कैसे प्रभावित करती हैं। नासा की कार्यवाहक प्रशासक जेनेट पेट्रो ने कहा, यह अविश्वसनीय उपलब्धि दर्शाती है कि कैसे नासा और अमेरिकी कंपनियां सभी के लाभ के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। यह मिशन नासा-उद्योग साझेदारी का हिस्सा है जिसका उद्देश्य लागत कम करना और आर्टेमिस प्रोग्राम को समर्थन देना है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर वापस भेजने के लिए बनाया गया है। फरवरी 2024 में, इंट्यूटिव मशीन्स चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाली पहली निजी कंपनी बन गई। 1972 के अपोलो 17 मिशन के बाद यह अमेरिका की पहली लैंडिंग भी थी। हालांकि, एक दुर्घटना के कारण यह सफलता फीकी पड़ गई। लैंडर बहुत तेजी से नीचे आया और टकराने पर पलट गया, जिससे वह पर्याप्त सौर ऊर्जा उत्पन्न करने में असमर्थ हो गया और मिशन छोटा हो गया।

बचाव अभियान समाप्त

चमोली में बर्फीले तूफान और हिमस्खलन ने ली 8 लोगों की जान

चमोली । आरएनएस

उत्तराखंड के चमोली में आए भयंकर बर्फीले तूफान और शुक्रवार सुबह हुए हिमस्खलन में आठ लोगों की मौत हो गई। सेना ने रविवार शाम इसकी पुष्टि की। इसके साथ ही राहत एवं बचाव ऑपरेशन भी समाप्त कर दिया गया।

चमोली के माणा इलाके में बीआरओ कैंप के 55 श्रमिक बर्फीले तूफान की चपेट में आ गए थे। इलाके के ब्रिगेड कमांडर, ब्रिगेडियर मनदीप ढिल्लों ने बताया कि इस हादसे में आठ लोगों की मृत्यु हुई है। बचाव अभियान के दौरान रविवार शाम बर्फ में दबा आठवां शव मिला। रविवार शाम चार बजकर 43 मिनट पर अंतिम लापता कर्मचारी का शव बरामद किया गया। इसके बाद मरने वालों की संख्या आठ हो गई है।

हिमस्खलन की चपेट में आए 55 श्रमिकों में से 46 को पहले ही बचा लिया गया था। एक श्रमिक खुद अपने घर पहुंच गया। वहीं, आठ अन्य लापता श्रमिकों के शव बरामद हुए हैं। इनमें से चार के शव रविवार को बरामद हुए।

राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी भारतीय सेना ने दुर्भाग्यपूर्ण प्राकृतिक आपदा में अपनी जान गंवाने वाले श्रमिकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

ब्रिगेडियर मनदीप ढिल्लों ने कहा कि भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, सीमा सडक़ और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों द्वारा चलाए गए अथक और पेशेवर बचाव अभियानों से यहां कई लोगों की जान बचाई गई।

गौरतलब है कि इस बर्फीले इलाके में राहत एवं बचाव के दौरान भी बर्फबारी और बारिश समस्याएं खड़ी करती रही। भारतीय सेना ने उन सभी सैनिकों और कर्मियों के प्रयासों की सराहना की है जिन्होंने इस बचाव अभियान को अंजाम देने के लिए खराब मौसम और इलाके का सामना किया।

सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने चल रहे खोज और बचाव कार्यों की स्वयं निगरानी की। उन्होंने समन्वय करने के लिए उत्तराखंड में हिमस्खलन स्थल का दौरा भी किया। जीवित बचे लोगों का पता लगाने के लिए विशेष टोही रडार, यूएवी, क्वाडकॉप्टर और हिमस्खलन बचाव में माहिर कुत्तों को तैनात किया गया था। सेना के हेलीकॉप्टर लगातार आवश्यक उपकरणों को आगे पहुंचाने का काम कर रहे थे। हेलीकॉप्टर की सहायता से कई घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

चमोली में फिर हिमस्खलन का अलर्ट, आईएमडी ने जारी की चेतावनी

चमोली (आरएनएस)। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार चमोली जिले में अगले तीन दिनों तक हिमस्खलन और बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस चेतावनी को देखते हुए चमोली के जिलाधिकारी ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल औली से पर्यटकों को हटाकर जोशीमठ और आसपास के सुरक्षित स्थानों पर ठहराया है। प्रशासन ने बताया कि सोमवार को औली में पर्यटकों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। रविवार को औली पहुंचे पर्यटकों को हिमस्खलन के खतरे से अवगत कराते हुए ज्योतिर्मठ सहित बर्फ-मुक्त निचले क्षेत्रों में रहने के लिए कहा गया। जिला प्रशासन ने औली में मौजूद सभी होटल व्यवसायियों को भी पर्यटकों को ज्योतिर्मठ में शिफ्ट करने के लिए निर्देशित किया है। हालांकि, पर्यटकों ने चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए औली घूमने के बाद खुद ही वापस लौटना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने का आदेश दिया है। बर्फीले इलाकों में बर्फबारी होने की स्थिति में, सडक़ से संबंधित विभागों को तत्काल यातायात सुचारू रूप से बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारियों को बर्फबारी के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

आईआईटी बाबा ने सुसाइड की दी धमकी, मौके पर पुलिस पहुंची तो उड़े होश

नई दिल्ली । आरएनएस

आईआईटी बाबा के नाम से मशहूर अभय सिंह के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार उनके पास से गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि आईआईटी बाबा सुसाइड की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन जब टीम मौके पर पहुंची तो उन्होंने कहा कि मुझे कुछ याद नहीं है क्योंकि गांजा पी लिया था। इस मामले में जयपुर पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हालांकि, गांजा की मात्रा कम होने के चलते आईआईटी बाबा को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

इस मामले को लेकर डीसीपी साउथ ने बताया कि पुलिस थाना शिप्रापथ जयपुर दक्षिण को पुलिस कंट्रोल से सूचना मिली थी कि एक होटल में अभय सिंह नाम का व्यक्ति सुसाइड करने की कोशिश कर रहा है। इस पर थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो होटल में अभय सिंह मिले। उन्होंने गांजे की एक पुडिय़ा निकालकर बताया कि मैंने गांजा का नशा किया था। नशे में मैंने कोई सूचना दी हो तो इस बारे में मुझे कुछ याद नहीं है। इस पर पुलिस ने गांजा जब्त किया है। गांजा कम मात्रा में होने की वजह से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

फरीदाबाद में आतंकी साजिश नाकाम, अयोध्या से जुड़े तार

- हैंड ग्रेनेड और संदिग्ध वीडियो बरामद
- परिवार का इनकार, पुलिस का इनपुट
- अयोध्या में सुरक्षा बढ़ी, नेटवर्क की जांच जारी

मिल्कीपुर-अयोध्या । आरएनएस

हरियाणा के फरीदाबाद में गुजरात एटीएस, फरीदाबाद एसटीएफ और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की संयुक्त टीमों ने एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। पकड़ा गया आरोपी अब्दुल रहमान (19) उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र के मंजनाई गांव का निवासी है। उसकी गिरफ्तारी रविवार रात फरीदाबाद के सोहना रोड स्थित पाली इलाके में एक खंडहरनुमा मकान से हुई।

गिरफ्तारी के दौरान अब्दुल रहमान के पास से दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, उसके मोबाइल फोन में कुछ संदिग्ध वीडियो भी मिले हैं, जिनमें महत्वपूर्ण स्थानों और धर्म से जुड़ी संवेदनशील जानकारी मौजूद है। एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि वह किन लोगों के संपर्क में था और क्या उसकी योजना किसी बड़े हमले को अंजाम देने की थी।

गिरफ्तारी के बाद अयोध्या पुलिस भी हरकत में आ गई और रविवार रात को मंजनाई गांव में आरोपी के घर छापेमारी की। पुलिस टीम ने करीब तीन घंटे तक तलाशी ली और सोमवार सुबह उसके पिता अबू बकर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। अब्दुल रहमान की मां का कहना है कि उनका बेटा निर्दोष है और उसे फंसाया जा रहा है। वह पहले जमात में गया था और वापस आने के बाद पांच वक्त की नमाज पढ़ता था। वह ई-रिक्शा भी चलाता था और उसके नाम से गांव में चिकन शॉप भी चलती थी।

अब्दुल रहमान की गिरफ्तारी के बाद अयोध्या समेत आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियां अब्दुल रहमान से जुड़े लोगों की पड़ताल कर रही हैं। पुलिस ने उसके मोबाइल फोन की डिटेल्स खंगालनी शुरू कर दी हैं, साथ ही उसे जमात के लिए ले जाने वाले मौलाना हजरत उस्मान की भी तलाश जारी है। जांच एजेंसियों का मानना है कि यह मामला किसी बड़े आतंकी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। अब्दुल रहमान के संपर्कों और उसकी गतिविधियों की गहराई से जांच की जा रही है

रणवीर इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, शो के प्रसारण की मिली सशर्त अनुमति

नई दिल्ली । आरएनएस

विवादों में घिरे यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने इलाहाबादिया को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने लोकप्रिय शो 'द रणवीर शो' को फिर से प्रसारित करने की अनुमति दे दी है। हालांकि, अदालत ने शो के प्रसारण को कुछ शर्तों के अधीन रखा है और उन्हें कार्यक्रम में शालीनता बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबादिया की उस गुहार पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया, जिसमें उन्होंने शो को फिर से शुरू करने की अनुमति मांगी थी। इलाहाबादिया ने कोर्ट में दलील दी थी कि 'द रणवीर शो' ही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है और शो को बंद करने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने रणवीर इलाहाबादिया की याचिका का कड़ा विरोध किया था। मेहता ने अदालत में कहा कि इलाहाबादिया द्वारा 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो में की गई टिप्पणियां अश्लील और अनुचित थीं और उन्हें शो प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मेहता ने अदालत से यह भी अनुरोध किया कि इलाहाबादिया को फिलहाल कुछ समय के लिए चुप रहने दिया जाए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल की दलीलों को दरकिनार करते हुए इलाहाबादिया को सशर्त राहत प्रदान की।

सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया को फिलहाल विदेश यात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि उन्हें विदेश यात्रा की अनुमति जांच में सहयोग करने के बाद ही दी जा सकती है। कोर्ट ने इलाहाबादिया को 'द रणवीर शो' में इस मामले पर किसी भी तरह की चर्चा करने से भी प्रतिबंधित कर दिया है।

इसके अतिरिक्त, उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार को सोशल मीडिया सामग्री को विनियमित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार करने का भी महत्वपूर्ण निर्देश दिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि इस मामले में सभी संबंधित पक्षों और हितधारकों से सुझाव और राय मशविरा किया जाए। कोर्ट ने रेखांकित किया कि नैतिकता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बीच एक उचित संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता है।

इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने 31 वर्षीय यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया को उनके शो पर माता-पिता पर की गई अभद्र टिप्पणी के बाद सभी प्रकार के शो अपलोड करने से रोक दिया था। 'द रणवीर शो' को फिर से शुरू करने की अनुमति देते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि इलाहाबादिया को यह वचन देना होगा कि उनके शो नैतिकता के वांछित मानकों का पालन करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी आयु वर्ग के दर्शक उन्हें बिना किसी संकोच के देख सकें।

गौरतलब है कि 'क्वद्दद्दह्म्क्वद्बष्द्गश्चह्य त्रह्व4' के नाम से लोकप्रिय इलाहाबादिया पिछले महीने 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के एक एपिसोड में एक प्रतियोगी से विवादास्पद सवाल पूछने के बाद विवादों में आ गए थे। कॉमेडियन समय रैना द्वारा होस्ट किए गए इस शो में इलाहाबादिया ने प्रतियोगी से पूछा था, "क्या आप अपने माता-पिता को अपने जीवन के बाकी दिनों में हर दिन सेक्स करते देखना पसंद करेंगे या एक बार शामिल होकर इसे हमेशा के लिए बंद कर देंगे? इस टिप्पणी पर सोशल मीडिया पर व्यापक स्तर पर आलोचना हुई थी जिसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से रणवीर इलाहाबादिया को तात्कालिक राहत मिली है, लेकिन यह मामला सोशल मीडिया कंटेंट की विनियमन और नैतिकता के सवाल को एक बार फिर से राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ले आया है।

बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलट गई बस, मची चीख-पुकार

लातूर । आरएनएस

महाराष्ट्र के लातूर शहर के पास नंदगांव में आज दोपहर लगभग 2:30 बजे एक बड़ा बस हादसा हुआ। अहमदपुर से लातूर आ रही एक राज्य परिवहन निगम (एसटी) बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 20 से 25 यात्रियों के घायल होने की सूचना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस जब नंदगांव के करीब पहुंची, तो अचानक एक तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में बस चालक ने नियंत्रण खो दिया। बस डिवाइडर पर चढ़ गई और अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई।

दुर्घटना में घायल हुए सभी यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए लातूर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल प्रशासन घायलों को सर्वोत्तम इलाज मुहैया कराने में जुटा हुआ है।

इस घटना की गंभीरता को दर्शाता एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो दुर्घटना के भयावह क्षणों को कैद करता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, दुर्घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य पूरा हो चुका है और स्थिति नियंत्रण में है।

कुबेरश्वर धाम में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने आए 3 श्रद्धालुओं की मौत

सीहोर । आरएनएस

मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के कुबरेश्वर धाम में सोमवार प्रदीप मिश्रा की कथा के दौरान एक श्रद्धालु की मौत हो गई। मृतक महिला गुजरात की रहने वाली थी। तीन दिनों के भीतर यह तीसरी घटना है। इससे पहले मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु दम तोड़ चुके हैं। बता दें कि कथा का अंतिम दिन है। जिसकी वजह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है।

अचेत हालत में मिली थी महिला

दअसल, सोमवार सुबह गुजरात निवासी एक महिला अचेत हालत में मिली, जिसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

महिला का नाम 55 वर्षीय मंजू बताया जा रहा है। हालांकि मृतिका यहां किसके साथ आई थी, इस बात की जानकारी नहीं लग सकी है।

उसका कोई परिचित भी नहीं मिला है। सुबह 6 बजे अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी।

3 दिन के भीतर तीसरी मौत- बता दें कि इससे पहले शनिवार और रविवार को भी दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि कथा सुनने के दौरान कल (शनिवार) अचानक भीड़ बढ़ गई। इस दौरान जबलपुर निवासी 25 वर्षीय गोलू कोष्टा को गर्मी की वजह से चक्कर आ गया और वह जमीन पद गिर पड़ा। इसके बाद वह नहीं उठा।

कानपुर निवासी की भी हुई थी मौत- वहीं शुक्रवार को कानपुर निवासी वीरेंद्र की देर रात मौत हो गई थी। मृतक विजेंद्र स्वरूप, तीन महिला (संध्या, मीना, मनु), वाहन चालक (अनुराग) और एक बच्चे के साथ शिव पुराण कथा सुनने सीहोर आया था। वे ग्राम गुड़भेला में ठहरे हुए थे। अचानक उसकी हालत खराब हो गई और उसने दम तोड़ दिया।

कलेक्टर ने दिए थे व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश- आयोजन स्थल पर जिला प्रशासन ने व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। दावा था कि आयोजन स्थल पर पर्याप्त चिकित्सा और एम्बुलेंस की व्यवस्था है। कलेक्टर ने सीएमएचओ को चिकित्सा व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करने और आयोजन स्थल पर स्टाफ के साथ एम्बुलेंस और जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। साथ ही मिनी आईसीयू स्थापित करने के निर्देश दिए थे, जिससे जरुरत पडऩे पर मरीजों को त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

प्रधानमंत्री का खास अंदाज : पीएम मोदी ने गिर में लिया सफारी का आनंद

गिर । आरएनएस



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विश्व वन्यजीव दिवस' पर गुजरात के जूनागढ़ जिले स्थित 'गिर वन्यजीव अभयारण्य' में जंगल सफारी का आनंद लिया और एशियाई शेरों को करीब से देखा।

पीएम मोदी डीएसएलआर कैमरे से शेरों की तस्वीरें खींचते नजर आ रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में पीएम मोदी हाथ में कैमरा पकड़े शेरों की ओर देख रहे हैं। एक ऐसी भी तस्वीर है जिसमें मादा शेरनी शावक को दुलारती दिख रही है।

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार शाम राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की सातवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में 47 सदस्य भाग लेंगे, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। बैठक के बाद पीएम मोदी सासण में महिला वन कर्मचारियों से भी बातचीत करेंगे।बता दें कि अभ्यारण्य जाने से पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा, विश्व वन्यजीव दिवस पर, आइए हम अपने ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है – आइए आने वाली पीढिय़ों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें! हम वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा में भारत के योगदान पर भी गर्व करते हैं। इस पोस्ट के साथ एक वीडियो क्लिप भी है, जिसमें पीएम मोदी भारत की परंपरा में जैव विविधता के प्रति स्वाभाविक आग्रह का जिक्र कर रहे हैं। यह क्लिप 2023 का है। कर्नाटक के मैसूर में 'प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने के स्मरणोत्सव' कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने वाइल्डलाइफ पर विचार रखे थे।दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों के मन में अन्य देशों, जहां बाघों की आबादी या तो स्थिर है या फिर उसमें गिरावट हो रही है, की तुलना में भारत में बाघों की बढ़ती आबादी के बारे में उठने वाले सवालों को दोहराते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा था, भारत इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं करता, बल्कि वह दोनों के सह-अस्तित्व को समान महत्व देता है।